TERM-2
SET-1
SUBJECT- HINDI 'B'
CLASS_X

Time Allowed : 2 hr **Date : 25-03-2022** **Maximum Marks : 40**

सामान्य निर्देश-

1. **इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं - खंड 'क' और 'ख'।**
2. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखिये।**
3. **लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिये।**
4. **खण्ड 'क' में कुल 3 प्रश्न हैं। दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए इनके उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
5. **खण्ड 'ख' में कुल 5 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के विकल्प भी दिये गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए चारों प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

खण्ड 'क' पाठ्यपुस्तक व पूरक पाठ्यपुस्तक

1. **निम्नलिखत प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25–30 शब्दों लिखिए -** $2 \times 2 = 4$

(A) 'कारतूस' कहानी द्वारा लेखक क्या संदेश देना चाहता है?

(B) 'पतझर में टूटी पत्तियाँ' पाठ के आधार पर गिन्नी के सोने की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(C) पाठ 'कारतूस' में सिपाही किससे तंग आ गए थे?

2. **निम्नलिखित दो प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 60 – 70 शब्दों में लिखिए -** $4 \times 1 = 4$

(A) 'कर चले हम फिदा' कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है? अपने शब्दों में उत्तर लिखिये।

(B) "मनुष्य मात्र बंधु है" –'मनुष्यता' कविता में कवि ने ऐसा क्यों कहा है?

3. **पूरक पुस्तक संचयन के किन्हीं तीन प्रश्नों में से दो के उत्तर दीजिए -** $3 \times 2 = 6$

(A) 'हरिहर काका' कहानी समाज के किस कटु सत्य को उजागर करती है तथा इससे पाठकों को क्या शिक्षा मिलती है? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(B) असफलता के परिणामस्वरूप 'मनुष्य' में परिवर्तन आता है। अपने जीवन की किसी घटना का उल्लेख पाठ 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर कीजिए।

(C) 'सपनों के से दिन' पाठ में लेखक ने किन विचारों को अभिव्यक्त किया है तथा इससे पाठक को क्या संदेश मिलता है? अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

खण्ड 'ख' (लेखन)

4. निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसी एक विषय पर संकेत–बिन्दुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए –

(A) **गया समय फिर हाथ नहीं आता** (6)

संकेत बिन्दु– समय ही जीवन है, दुरूपयोग से हानि, समय का सदुपयोग, उपसंहार

(B) **शहरों में यातायात समस्या**

संकेत बिन्दु– यातायात के विभिन्न साधन, थ्री–व्हीलर द्वारा होने वाली असुविधाएँ, बस सेवा और नागरिकों को होने वाली असुविधाएँ, यातायात समस्या के निदान हेतु समाधान

(C) **डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम**

संकेत बिन्दु– भूमिका, पारिवारिक स्थिति, उपलब्धियाँ, उपसंहार

5. डेंगू और मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए चिकित्सालयों में अपर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं की ओर ध्यान आकर्षित करने हेतु राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिये। (5)

अथवा

दैनिक समाचार–पत्र के संपादक के नाम मिलावटी दूध की बिक्री के संबंध में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिये।

6. (क) विद्यालय की वित्तीय योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए विद्यालय की वित्त समिति की एक बैठक आयोजित होनी है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक की ओर से **50** शब्दों में एक सूचना लिखिये। (2.5)

अथवा

आज मेट्रो विशेष रूट पर नहीं चलेगी, इस विषय पर यात्रियों को सूचना लिखिये।

(ख) आप वित्त मंत्रालय, भारत सरकार में कार्यरत हैं। एक विभागीय समारोह के पश्चात् आपको वहाँ एक मोबाइल फ़ोन गिरा हुआ मिला। इससे संबंधित सूचना **50** शब्दों में लिखिये। (2.5)

अथवा

रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित योग–शिविर के बारे में एक सार्वजनिक सूचना 50 शब्दों में लिखिये।

7. (क) एक कोचिंग संस्थान की ओर से **50** शब्दों में विज्ञापन लिखिये। (2.5)

अथवा

पहाड़ी क्षेत्रों में बनाए अपने होटल के लिए **50** शब्दों में विज्ञापन लिखिये।

(ख) शूज कंपनी के मालिक की ओर से शूज की सेल का विज्ञापन **50** शब्दों में लिखिये। (2.5)

अथवा

हाथ में पहनी जाने वाली घड़ी के लिए **50** शब्दों में विज्ञापन लिखिये।

8. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर **120** शब्दों में लघुकथा लिखिये। (5)

'संगत का फल' **अथवा** 'परिश्रम का महत्व'